पाक्षिक समाचार

# सम्पर्क

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

खण्ड–XXIX अंक–08 30 अप्रैल, 2024

**नामु राम को कलपतरु कलि कल्यान निवासु। जो सिमरत भयो भाँग ते तुलसी तुलसीदास।।**

राम का नाम कल्पतरु (मनचाहा पदार्थ देने वाला) और कल्याण का निवास (मुक्ति का घर) है, जिसको स्मरण करने से भाँग सा (निकृष्ट) तुलसीदास भी तुलसी के समान पवित्र हो गया। **गोस्वामी तुलसीदास**

## बधाई (चयन/पदोन्नति)

**स्थापना अनुभाग–1 से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार निम्नलिखित संकाय सदस्यों को उनके नाम के आगे दिए गए पद के लिए चयनित/पदोन्नत किया गया है–**

| संकाय सदस्य का नाम | पिछला पदनाम | नया पदनाम | विभाग/केन्द्र | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|
|  **प्रो. जितेन्द्र कुमार साहू** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | ग्रामीण विकास एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |
|  **प्रो. प्रियंका कौशल** | सह प्रोफेसर | प्रोफेसर | ग्रामीण विकास एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र | ₹ 1,59,100–2,20,200 (लेवल–14ए) |

## स्वागत

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2024/266904 दिनांक 16.04.2024 के अनुसार **डॉ. (सुश्री) प्रतिष्ठा** ने 08.04.2024 से संस्थान के यांत्रिक इंजीनियरी विभाग में पोस्ट–डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।
- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-5/2024/270020 दिनांक 26.04.2024 के अनुसार **डॉ. (सुश्री) ऋचा कुमारी** ने 24.04.2024 से संस्थान के अनुप्रयुक्त यांत्रिकी विभाग में पोस्ट–डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।
- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/U-5/2024/269268 दिनांक 24.04.2024 के अनुसार **डॉ. (सुश्री) अश्वथी एम.** ने 22.04.2024 से संस्थान के अनुप्रयुक्त यांत्रिकी विभाग में पोस्ट–डॉक्टरल फेलो के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।
- स्थापना अनुभाग–II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/Estt.-II/2024/266725 दिनांक 16.04.2024 के अनुसार **श्री नरेश कुमार** ने 09.04.2024 से संस्थान के सुरक्षा एकक में सातवें वेतन आयोग के वेतन लेवल–6 में सहायक सुरक्षा अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है।

## सेवानिवृत्तियाँ

संस्थान के निम्नलिखित संकाय एवं स्टाफ सदस्य अधिवर्षिता की आयु होने पर 30 अप्रैल, 2024 को अपराहन में संस्थान से सेवानिवृत्त हो रहे हैं :–

**प्रो. बी.के. बेहेरा, प्रोफेसर, वस्त्र एवं रेशा इंजीनियरी विभाग**



**प्रो. बी.के. बेहेरा** ने 05 जनवरी, 1994 को संस्थान में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। 13 जनवरी, 2000 में आपको सह प्रोफेसर तथा 11 अगस्त, 2008 को प्रोफेसर के रूप में पदोन्नत किया गया।

आप वर्तमान में संस्थान के वस्त्र एवं रेशा इंजीनियरी विभाग में एच.ए.जी. प्रोफेसर

के रूप में कार्यरत हैं। कपड़ा निर्माण, 3डी बुनाई एवं ब्रेडिंग, ऑक्सेटिक टेक्सटाइल, टेक्सटाइल स्ट्रक्चरल कम्पोजिट एवं कंक्रीट, ग्रीन कम्पोजिट, जियोसिन्थेसिस, मैकेनिक्स ऑफ टेक्सटाइल स्ट्रक्चर, स्टेबिलिटी तथा प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट आदि आपकी विशेषज्ञता के क्षेत्रों में शामिल हैं।

आपने विभिन्न अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों एवं संगोष्ठियों में 350 से अधिक पियर रिव्यूड पेपर्स को सम्पादित किया तथा 370 से अधिक व्याख्यान दिए हैं, इसमें अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलनों में 70 पूर्ण (plenary) तथा आमंत्रित व्याख्यान भी शामिल है।

आपने टेक्सटाइल स्ट्रक्चरल मैकेनिक्स, टेक्सटाइल में सॉफ्ट कम्प्यूटिंग एवं वीविंग टेक्नोलॉजी से संबंधित 18 पुस्तकों के लेखन, सह लेखन तथा चैप्टर लेखन में योगदान दिया है। आपने 100 से अधिक पीएच.डी. तथा मास्टर थीसिस का पर्यवेक्षण किया है। आपके नाम 12 पेटेन्ट हैं। आपने मुख्य अन्वेषक के रूप में 25 प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाएं तथा 75 से अधिक औद्योगिक परामर्श परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूर्ण की हैं।

वर्तमान में आप वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समर्थित 3डी बुनाई और स्ट्रक्चरल कम्पोजिट में फोकस इन्क्यूबेशन केन्द्र का नेतृत्व कर रहे हैं। आपने आई.आई.टी. दिल्ली में एक विशेष समग्र अनुसंधान की स्थापना की है जो 3डी फैब्रिक और कम्पोजिट विकास में एक अनूठी सुविधा है।

विनम्र स्वभाव के प्रो. बी.के. बेहेरा अपने संकाय साथियों, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय रहे हैं।

### श्री कुलदीप कुमार जैन (26338), सहायक इंजीनियर (विद्युत), निर्माण संगठन



**श्री कुलदीप कुमार जैन** ने 28 जुलाई, 1994 को संस्थान में कनिष्ठ इंजीनियर (विद्युत)/कनिष्ठ इंजीनियर (ग्रेड-III) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। 01 मई, 1998 को आर.सी.पी.एस. के अन्तर्गत आपको कनिष्ठ इंजीनियर के रूप में मैप किया गया तथा 01 अगस्त, 2006 को इसी योजना के अन्तर्गत सहायक इंजीनियर (विद्युत) के रूप में पदोन्नत किया गया। 28 जुलाई, 2014 को एम.ए.सी.पी. के अन्तर्गत आपको ग्रेड वेतन–4800/–रु. में उन्नयन दिया गया। 22 दिसम्बर, 2022 को आर. ऐन्ड पी.आर.एस. के अन्तर्गत आपको सहायक इंजीनियर (विद्युत) के रूप में पुनर्पदनामित किया गया। विनम्र स्वभाव के श्री कुलदीप कुमार जैन एक मेहनती एवं योग्य सहायक इंजीनियर (विद्युत) रहे हैं।

### श्री मनोज कुमार (60127), अटेन्डेन्ट (सी), ज्वालामुखी छात्रावास



**श्री मनोज कुमार** ने 01 मार्च, 1994 को संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया था। आपने लगभग 30 वर्षों तक संस्थान के छात्रावासों में अपनी सेवाएं प्रदान की। अपने कार्य में निपुण श्री मनोज कुमार एक ईमानदार एवं मेहनती अटेन्डेन्ट (सी) रहे हैं।

संस्थान समुदाय उपरोक्त संकाय एवं स्टाफ सदस्यों को भावभीनी विदाई देते हुए उनके एवं उनके परिवार के लिए सुख, समृद्धि एवं शांतिमय जीवन की कामना करता है।

## पुनर्नियुक्ति

स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2023/221421 दिनांक 08.12.2023 के अनुसार **प्रो. बी.के. बेहेरा** (वस्त्र एवं रेशा इंजीनियरी विभाग) को संस्थान संविधि के पैरा 13(2) के अनुसार वर्तमान शैक्षिक सत्र के अंत तक अर्थात 30.06.2024 तक के लिए वस्त्र एवं रेशा इंजीनियरी विभाग में प्रोफेसर के रूप में पुनर्नियुक्त किया गया है।

## त्यागपत्र स्वीकृत

- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IES1/2024/264425 दिनांक 12.04.2024 के अनुसार **प्रो. अभिज्ञान चक्रवर्ती,** सहायक प्रोफेसर ग्रेड-1 (कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरी) ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था। जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 14.04.2024 से स्वीकार कर लिया है। अतः प्रो. अभिज्ञान चक्रवर्ती को 14.04.2024 से संस्थान कार्य से मुक्त कर दिया गया है।
- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2024//269289 दिनांक 24.04.2024 के अनुसार **डॉ. नन्द कुमार,** पोस्ट–डॉक्टरल फेलो, (अन्तर्विद्याशाखायी अनुसंधान स्कूल) ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था। जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 29.04.2024 से स्वीकार कर लिया है। अतः डॉ नन्द कुमार 29.04.2024 से संस्थान कार्य से मुक्त हो गए हैं।
- स्थापना अनुभाग–I से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/IESI/2024//270028 दिनांक 26.04.2024 के अनुसार **डॉ. के.पी. भार्गव कुमार,** पोस्ट–डॉक्टरल फेलो, (सिविल इंजीनियरी विभाग) ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था। जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 30.04.2024 से स्वीकार कर लिया है। अतः डॉ. के.पी. भार्गव कुमार 30.04.2024 से संस्थान कार्य से मुक्त हो गए हैं।
- स्थापना अनुभाग–II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/269699 दिनांक 25.04.2024 के अनुसार **श्री मनीष कुमार,** (तकनीकी सहायक) ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था। जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 10.04.2024 से स्वीकार कर लिया है। अतः श्री मनीष कुमार 10.04.2024 से संस्थान कार्य से मुक्त हो गये है।
- स्थापना अनुभाग–II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/E-2/2024/268406 दिनांक 22.04.2024 के अनुसार **श्री राहुल कुमार प्रजापति,** (प्रशासनिक सहायक) ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था। जिसे सक्षम प्राधिकारी ने 22.04.2024 से स्वीकार कर लिया है। अतः श्री राहुल कुमार प्रजापति 22.04.2024 से संस्थान कार्य से मुक्त हो गये है।

# संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए वर्ष 2024–2025 का वार्षिक कार्यक्रम

| क्र. सं. | कार्य विवरण | "क" क्षेत्र | "ख" क्षेत्र | "ग" क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी में मूल पत्राचार (ई–मेल सहित) | 1.क क्षेत्र से क क्षेत्र को 100%<br>2.क क्षेत्र से ख क्षेत्र को 100%<br>3.क क्षेत्र से ग क्षेत्र को 65%<br>4.क क्षेत्र से क व ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/व्यक्ति 100% | 1. ख क्षेत्र से क क्षेत्र को 90%<br>2. ख क्षेत्र से ख क्षेत्र को 90%<br>3. ख क्षेत्र से ग क्षेत्र को 55%<br>4. ख क्षेत्र से क व ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/व्यक्ति 90% | 1. ग क्षेत्र से क क्षेत्र को 55%<br>2. ग क्षेत्र से ख क्षेत्र को 55%<br>3. ग क्षेत्र से ग क्षेत्र को 55%<br>4. ग क्षेत्र से क व ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य के क्षेत्र कार्यालय/व्यक्ति 55% |
| 2. | हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाना | 100% | 100% | 100% |
| 3. | हिंदी में टिप्पण | 75% | 50% | 30% |
| 4. | हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम | 70% | 60% | 30% |
| 5. | हिंदी टंकण करने वाले कर्मचारी एवं आशुलिपिक की भर्ती | 80% | 70% | 40% |
| 6. | हिंदी में डिक्टेशन/की बोर्ड पर सीधे टंकण (स्वयं एवं सहायक द्वारा) | 65% | 55% | 30% |
| 7. | हिन्दी प्रशिक्षण (भाषा, टंकण, आशुलिपि) | 100% | 100% | 100% |
| 8. | द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना। | 100% | 100% | 100% |
| 9. | जर्नल और मानक संदर्भ पुस्तकों को छोड़कर पुस्तकालय के कुल अनुदान में से डिजिटल वस्तुओं अर्थात हिंदी ई–पुस्तक, सीडी/डीवीडी, पैन ड्राइव तथा अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं से हिन्दी में अनुवाद पर व्यय की गई राशि सहित हिंदी पुस्तकों की खरीद पर किया गया व्यय। | 50% | 50% | 50% |
| 10. | हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में काम करने की सुविधायुक्त इलैक्ट्रोनिक उपकरणों जिनमें कम्प्यूटर भी शामिल है, की खरीद | 100% | 100% | 100% |
| 11. | वेबसाइट द्विभाषी हो | 100% | 100% | 100% |
| 12. | नागरिक चार्टर तथा जन सूचना बोर्ड आदि द्विभाषी रूप में प्रदर्शित किये जाए। | 100% | 100% | 100% |
| 13. | (i) मंत्रालयों/विभागों और कार्यालयों तथा राजभाषा विभाग के अधिकारियों (उ.स./नि.दे./सं.स.) द्वारा अपने मुख्यालय से बाहर स्थित कार्यालयों का निरीक्षण (कार्यालयों का प्रतिशत) | 25% (न्यूनतम) | 25% (न्यूनतम) | 25% (न्यूनतम) |
| | (ii) मुख्यालय में स्थित अनुभागों का निरीक्षण | 25% (न्यूनतम) | 25% (न्यूनतम) | 25% (न्यूनतम) |
| | (iii) विदेश में स्थित केन्द्र सरकार के स्वामित्व एवं नियंत्रण के अधीन कार्यालयों/उपक्रमों का संबंधित अधिकारियों तथ रा.भा.वि. के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण | | वर्ष में कम से कम एक निरीक्षण | |
| 14. | राजभाषा संबंधी बैठकें | | | |
| | (क) हिंदी सलाहकार समिति | | वर्ष में 02 बैठकें | |
| | (ख) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति | | वर्ष में 02 बैठकें (प्रति छमाही एक बैठक) | |
| | (ग) राजभाषा कार्यान्वयन समिति | | वर्ष में 04 बैठकें (प्रति तिमाही एक बैठक) | |
| 15. | कोड, मैनुअल, फॉर्म, प्रक्रिया साहित्य का हिंदी अनुवाद | 100% | | |
| 16. | मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों के ऐसे अनुभाग जहां संपूर्ण कार्य हिन्दी में हो | 40% | 30% | 20% |

## दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के वेतन दरों में संशोधन

स्थापना अनुभाग से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/ICDN/118/2024/268417 दिनांक 22.4.2024 के अनुसार निदेशक महोदय ने संस्थान में दैनिक वेतन पर कार्यरत कर्मचारियों के वेतन की दरों में 01.10.2023 तथा 01.04.2024 से निम्नानुसार संशोधन अनुमोदित किए हैः

### श्रमिको के लिए संशोधित दरें

| | श्रेणी | वर्तमान में | | संशोधित | | संशोधित | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1.04.2023 से प्रभावी | | 1.10.2023 से प्रभावी | | 1.10.2024 से प्रभावी | |
| | | 6 दिवसीय सप्ताह* 26 दिन (रु. प्रतिदिन) | 5 दिवसीय सप्ताह** 22 दिन (रु. प्रतिदिन) | 6 दिवसीय सप्ताह* 26 दिन (रु. प्रतिदिन) | 5 दिवसीय सप्ताह** 22 दिन (रु. प्रतिदिन) | 6 दिवसीय सप्ताह* 26 दिन (रु. प्रतिदिन) | 5 दिवसीय सप्ताह** 22 दिन (रु. प्रतिदिन) |
| क. | अकुशल (चतुर्थ श्रेणी) | 736.00 | 869.00 | 751.00 | 887.00 | 778.00 | 919.00 |
| ख. | अर्धकुशल (मैकेनिक/प्रयोगशाला सहायक) | 816.00 | 964.00 | 832.00 | 983.00 | 862.00 | 1018.00 |
| ग. | कुशल (मैकेनिक/प्रयोगशाला सहायक, आई.टी.आई. के साथ मैट्रिक अथवा आई.टी.आई. के साथ इन्टर) | 897.00 | 1060.00 | 915.00 | 1081.00 | 948.00 | 1120.00 |
| | **लिपिक एवं नॉन टेक्नीकल नॉन मैट्रीकुलेट** | | | | | | |
| क. | अकुशल (चतुर्थ श्रेणी) | 816.00 | 964.00 | 832.00 | 983.00 | 862.00 | 1018.00 |
| ख. | अर्धकुशल (मैकेनिक/प्रयोगशाला सहायक) | 816.00 | 964.00 | 832.00 | 983.00 | 862.00 | 1018.00 |
| ग. | कुशल (मैकेनिक/प्रयोगशाला सहायक, आई.टी.आई. के साथ मैट्रिक अथवा आई.टी.आई. के साथ इन्टर) | 816.00 | 964.00 | 832.00 | 983.00 | 862.00 | 1018.00 |
| | **मैट्रीकुलेट लेकिन गैर स्नातक** | | | | | | |
| क. | अकुशल (चतुर्थ श्रेणी) | 897.00 | 1060.00 | 915.00 | 1081.00 | 948.00 | 1120.00 |
| ख. | अर्धकुशल (मैकेनिक/प्रयोगशाला सहायक) | 897.00 | 1060.00 | 915.00 | 1081.00 | 948.00 | 1120.00 |
| ग. | कुशल (मैकेनिक/प्रयोगशाला सहायक, आई.टी.आई. के साथ मैट्रिक अथवा आई.टी.आई. के साथ इन्टर) | 897.00 | 1060.00 | 915.00 | 1081.00 | 948.00 | 1120.00 |
| | **स्नातक एवं इससे अधिक** | | | | | | |
| क. | अकुशल (चतुर्थ श्रेणी) | 973.00 | 1150.00 | 992.00 | 1172.00 | 1028.00 | 1214.00 |
| ख. | अर्धकुशल (मैकेनिक/प्रयोगशाला सहायक) | 973.00 | 1150.00 | 992.00 | 1172.00 | 1028.00 | 1214.00 |
| ग. | कुशल (मैकेनिक/प्रयोगशाला सहायक, आई.टी.आई. के साथ मैट्रिक अथवा आई.टी.आई. के साथ इन्टर) | 973.00 | 1150.00 | 992.00 | 1172.00 | 1028.00 | 1214.00 |

** इन दरों में सप्ताह की दो छुट्टियों का भुगतान भी शामिल है जिसके लिए अलग से भुगतान नहीं किया जाएगा।

* इन दरों में साप्ताहिक छुट्टी का भुगतान भी शामिल है जिसके लिए अलग से भुगतान नहीं किया जाएगा।

हिन्दी कक्ष द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित दूरभाषः EPABX 7144

*मुद्रकः* सागर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, नई दिल्ली। ई–मेलः sagarprinters@gmail.com